झारखण्ड सरकार
झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, रॉंची–834010
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

झारखण्ड संयुक्त पुलिस अवर निरीक्षक प्रतियोगिता परीक्षा–2017

आवश्यक सूचना

झारखण्ड संयुक्त पुलिस अवर निरीक्षक प्रतियोगिता परीक्षा–2017 की **प्रारम्भिक परीक्षा (PT)** तीन चरणों में निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार **राँची, जमशेदपुर एवं धनबाद** के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी :–

(i) दिनांक– **25.08.2017 से 29.08.2017** तक

(ii) दिनांक– **31.08.2017 से 04.09.2017** तक

(ii) दिनांक– **06.09.2017 से 10.09.2017** तक

परीक्षा की अवधि 2 घंटे की होगी।

2. कुल अभ्यर्थियों के लगभग एक तिहाई अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा दिनांक– 25.08.2017 से 29. 08.2017 तक होगी एवं इनका प्रवेश पत्र (Admit Card) दिनांक–17.08.2017 के अपराहन में आयोग के वेबसाईट पर जारी किया जायेगा।
3. अगले एक तिहाई अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा दिनांक– 31.08.2017 से 04.09.2017 तक होगी एवं इनका प्रवेश पत्र (Admit Card) दिनांक– 22.08.2017 को आयोग के वेबसाईट पर जारी किया जायेगा।
4. शेष अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा दिनांक– 06.09.2017 से 10.09.2017 तक होगी एवं इनका प्रवेश पत्र (Admit Card) दिनांक– 22.08.2017 को ही आयोग के वेबसाईट पर जारी किया जायेगा।
5. अभ्यर्थियों द्वारा आन लाईन आवेदन पत्र में दिये गये मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल एड्रेस पर प्रवेश पत्र (Admit Card) जारी होने सम्बन्धी जानकारी SMS द्वारा भी दी जायेगी।

6. प्रवेश पत्र (Admit Card) आयोग के वेबसाईट– www.jssc.in तथा www.jssc.nic.in पर अपना Login Id (Registration Number) एवं Password (Date of Birth) डालकर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र (Admit Card) डाक द्वारा अलग से नही भेजा जायेगा।
7. सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र (Admit Card) पर परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा केन्द्र पर पहुँचने का समय, परीक्षा केन्द्र के गेट का बंद होने का समय अंकित होगा। सभी अभ्यर्थी यथासमय परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे तथा गेट बंद होने के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा।
8. परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल सहित किसी भी प्रकार का ईलेक्ट्रोनिक उपकरण सख्त वर्जित है। अतः अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि ऐसे किसी भी उपकरण को परीक्षा केन्द्र पर साथ नहीं लाएं। ऐसे उपकरणों को परीक्षा केन्द्र के बाहर रखे जाने की सुविधा आयोग द्वारा नहीं दी जायेगी। अन्य निदेश प्रवेश पत्र (Admit Card) पर मुद्रित रहेंगे।
9. जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र समर्पित कर परीक्षा शुल्क का भुगतान तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर दिया है एवं हेल्प लाईन से वांछित सहायता के उपरान्त उनका प्रवेश पत्र (Admit Card) डाउनलोड करने में कठिनाई हो रही हो ऐसे अभ्यर्थी दिनांक– 21.08.2017 एवं 22.08.2017 को आयोग कार्यालय से संपर्क कर प्रवेश पत्र (Admit Card) प्राप्त कर सकते हैं।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक